संख्या– 449 /सूडा/स्व0भा0मि0–01 /14

**प्रेषक,**

**निदेशक,**
राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा),
अजबपुर कलॉ, देहरादून।

**सेवा मे,**

**मुख्य नगर अधिकारी /अधिशासी अधिकारी,**
समस्त नगर निगम/नगर पालिका परिषद/
नगर पंचायत, उत्तराखण्ड।

देहरादून, दिनांक 19 सितम्बर, 2015

**विषयः–** **"स्वच्छ भारत मिशन" के अंतर्गत 25 सितम्बर से 11 अक्टूबर 2015 तक जनजागरूकता पखवाडा आयोजन विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी कार्यान्वयन तथा जनजागरूकता के दृष्टिगत दिनांक– 25 सितम्बर से 11 अक्टूबर 2015 तक स्वच्छ भारत मिशन पखवाडा आयोजित किया जाना हैं। तद्क्रम में निकाय स्तर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का दिवसवार विवरण तैयार कर संलग्न हैं।

2– नगर निकायों में स्वच्छ भारत अभियान को मूर्त रूप देने हेतु बोर्ड की विशेष बैठक तत्काल आयोजित की जाय तथा शहर से सम्बन्धित स्वच्छता के समस्त प्रस्तावों पर विचार–विमर्श कर लिया जाय।

3– वार्ड स्तर पर स्वैच्छिक 'स्वच्छता दूत' नियुक्त करने की कार्यवाही की जाय। उक्त स्वच्छता दूतों द्वारा 'परिवर्तन कारक' के रूप में जनसामान्य को स्वच्छता के प्रति जागृत व प्रेरित किया जायेगा।

4– प्रस्तावित गतिविधियों के अतिरिक्त नगर निकाय अपनी भौगोलिक, सामाजिक व सांस्कृतिक परिस्थितियों के अनुरूप विशेष अभिनव गतिविधियां भी चिन्हित कर तद्नुरूप कार्यान्वित करने हेतु स्वतन्त्र है। नगर निकाय स्वच्छता अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, शासकीय व निजी संस्थानों आदि से यथासम्भव बहुक्षेत्रीय सहयोग प्राप्त करना सुनिश्चित करें। नगर निकाय उक्त गतिविधियों के संचालन हेतु आवश्यक धनराशि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निकायवार निर्धारित आई0सी0 बजट के अंतर्गत कर सकते हैं।

5– प्रत्येक नगर निकाय में आयोजित गतिविधियों का प्रगति विवरण मय फोटोग्राफ्स आदि दिवस आधार पर ई–मेल– **directorsudauk@gmail.com** अथवा फैक्स संख्याः 0135–2672885 पर प्रतिदिवस अपराह्न 3:00 बजे तक प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। पखवाडे के समापन उपरांत समस्त संपादित गतिविधियों की सी0डी0 सूडा कार्यालय को दिनांक– 15 अक्टूबर 2015 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

6— स्वच्छता अभियान में सराहनीय कार्य करने वाली नगर निकायों को विभिन्न श्रेणियों में पुरूस्कृत किया जायेगा तथा सम्बन्धित मुख्य नगर अधिकारी/अधिशासी अधिकारी को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण–पत्र आदि के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। पुनः अवगत कराना है कि उक्त 'स्वच्छ भारत अभियान' सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, अतः अभियान की सफलता हेतु आपकी व्यक्तिगत रूचि भी अपेक्षित है। जिन निकायों द्वारा अभियान के प्रति गम्भीरता प्रदर्शित नहीं की जायेगी, उनसे सम्बन्धित मुख्य नगर अधिकारी/अधिशासी अधिकारी की वार्षिक प्रविष्टि में इसे संज्ञान में लिया जायेगा।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार**

भवदीय,

(डा0 वी0षणमुगम)
निदेशक।

<u>**संख्या एवं दिनांकः–तदैव।**</u>

प्रतिलिपिः–

1– संयुक्त सचिव, स्वच्छ भारत मिशन, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार को सूचनार्थ।

2– सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

3– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ।

4– मा0 मेयरगण/मा0 अध्यक्षगणों को सूचनार्थ।

(डा0 वी0षणमुगम)
निदेशक।

# स्वच्छ भारत मिशन पखवाडा (25 सितम्बर – 11 अक्टूबर 2015)

| दिनांक | स्वच्छता दिवस थीम | आयोजित की जाने वाली गतिविधि | मार्गनिर्देश |
|---|---|---|---|
| 26/09/2015 | सार्वजनिक स्थल स्वच्छता | • सड़कों, गलियों, पैदल मार्गों आदि की सफाई | • वार्डवार विशेष सफाई अभियान संचालित किये जायें, जिसमें एक विशेष वेशभूषा में सफाई कर्मियों का दल समग्र रूप से कार्य करें ताकि एक विशेष प्रभाव परिलक्षित हो सके। उक्त गतिविधि हेतु तिथियां पूर्व निर्धारित कर ली जाय, जिसकी पूर्व सूचना सम्बन्धित क्षेत्रवासियों को प्रचारित प्रसारित की जाय। |
| 28/09/2015 | सार्वजनिक शौचालय स्वच्छता दिवस | • सामुदायिक शौचालयों, कूड़ादानों की मरम्मत, पेन्ट, साफ–सफाई व जल व्यवस्था | |
| 29/09/2015 | अस्पताल स्वच्छता दिवस | • अस्पताल परिसर की स्वच्छता<br>• बायोमेडिकल कूडे का उचित निस्तारण | • चिकित्साधीक्षकों से समन्वय स्थापित कर अस्पतालों में मरीजों एवं तीमारदारों की जागरूकता के लिये स्वच्छता निर्देशो को अस्पताल परिसर में प्रदर्शित करना।<br>• बायोमेडिकल कूडें के निस्तारण हेतु कार्ययोजना बनाना। |
| 30/09/2015 | सरकारी/गैर सरकारी संस्थान स्वच्छता दिवस | • समस्त संस्थान अपने परिसर की साफ–सफाई।<br>• स्वच्छता शपथ।<br>• स्वच्छता गोष्ठी।<br>• विभागीय कार्यलापों में स्वच्छता विषय को मेन्स्ट्रीम किया जायें। | • समस्त हितभागियों से संपर्क एवं समन्वय कर गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जायें।<br>• विभागीय पत्रों, विज्ञापनों, प्रचार प्रसार सामग्रियों में स्वच्छता संदेश तथा लोगो को प्रदर्शित किया जायें। |
| 01/10/2015 | स्कूल एवं कॉलेज स्वच्छता दिवस | निबन्ध, क्विज, वाद–विवाद, पोस्टर/पेटिंग्स /स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन | • क्विज प्रश्नावलीं नगर निकायों को पूर्व में प्रेषित की जा चुकी हैं, जिसे विद्यालयों को उपलब्ध कराकर क्विज प्रतियोगिताए आयोजित कराई जायें।<br>• व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्यावरणीय स्वच्छता तथा स्वच्छ भारत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | मिशन आदि थीमों पर पोस्टर/पेटिंग्स/कविता/स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायें।<br>• विद्यालयों एवं कॉलेजों के प्रिसिंपल से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक विधा में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायें। |
| 02/10/2015 | महात्मा गॉधी जयन्ती दिवस | • स्वच्छता रैली<br>• शपथ ग्रहण<br>• नुक्कड नाटक, कठपुतली नाटक, स्वच्छता दौड़ व पतंग. प्रतियोगिता तथा अन्य लोक पारम्परिक माध्यमों द्वारा जनजागरूकता अभियान। | • जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाज सेवियों, सामाजिक एवं गैर सरकारी संगठनों, विद्यालयों, सरकारी प्रतिष्ठानों तथा आम जन आदि की भागीदारी से आयोजित किया जायें। |
| 03/10/2015 | मलिन बस्ती स्वच्छता | • मलिन बस्तियों में 'व्यक्तिगत स्वच्छता किट' का वितरण | • बहुक्षेत्रीय सहयोग यथा– स्थानीय बैंको, स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों के सहयोग से सुनिश्चित किया जायें। |
| 05/10/2015 | हेल्थ दिवस | • मलिन बस्तियों, विद्यालयों आदि में हेल्थ कैम्प का आयोजन | • अस्पतालों से हेल्थ कैम्प हेतु चिकित्सक तथा निजी भागीदारों से दवाईयों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। |
| 06/10/2015 | स्टॉल/होटल/रेस्टोरेन्ट/ बेकरी आदि स्वच्छता | • स्टॉल/होटल/रेस्टोरेन्ट/ बेकरी आदि व्यवसायिक प्रतिष्ठानो की स्वच्छता।<br>• जैविक तथा अजैविक कूडे को पृथक बिनों में रखना।<br>• स्वच्छता संदेशों को परिसर में ग्राहकों की जागरूकता हेतु प्रदर्शन। | • व्यापार मंडल के सहयोग से सुनिश्चित किया जायें। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 07/10/2015 | सार्वजनिक स्थल स्वच्छता | • पार्क, बस अड्डा, रेल परिसर आदि सार्वजनिक स्थलों की सफाई | • संबधित स्थलों के प्रशासकों से समन्वय कर निर्धारित तिथि मे जनसहभागिता से अभियान चलाया जायें। |
| 08/10/2015 | सार्वजनिक स्थल स्वच्छता | • नालों, खुले प्लाटों व गधेरों में सफाई | • नालियों की सफाई तथा सफाई के उपरान्त एकत्रित कूड़े की ढेरियों का कूड़ा ट्रचिंग ग्राउण्ड तक निस्तारण तथा उसके पश्चात कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव आदि। |
| 09/10/2015 | स्वच्छता कर्मी प्रोत्साहन दिवस | • स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियो को पुरस्कार। | • प्रत्येक संस्थान स्वच्छता अभियान के दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उसे सम्मानित तथा पुरस्कृत करें।<br>• नगर निकाय उल्लेखनीय कार्य करने वाले 3–5 पर्यावरण मित्रों को सम्मानित व पुरस्कृत करें। |